पत्र सूचना शाखा
(मुख्यमंत्री सूचना परिसर)
सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, उ0प्र0

## मुख्यमंत्री ने आज मुम्बई में प्रेस कॉन्फ्रेंस को सम्बोधित किया

## मुम्बई का दौरा प्रदेश की जनता की सुविधाओं को बढ़ाने के दृष्टिगत : मुख्यंत्री

## लखनऊ नगर निगम के म्युनिसिपल बॉण्ड की बी0एस0ई0 में लिस्टिंग एक ऐतिहासिक आयोजन

## यह उत्तर भारत के किसी नगर निगम द्वारा लिस्ट कराया गया पहला बॉण्ड

## पहली बार किसी मुख्यमंत्री ने बी0एस0ई0 आकर किसी संस्थान के बॉण्ड जारी कराए

## उ0प्र0 में विकास कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने तथा औद्योगिक निवेश आकर्षित करने के लिए उद्यमियों से चर्चा की गयी

## पिछले 03 वर्षों में उ0प्र0 में निवेश की सम्भावनाएं बढ़ी, अब तक राज्य में 03 लाख करोड़ रु0 का निवेश हुआ

## प्रदेश में बेहतर कानून–व्यवस्था, निवेशकों को उपलब्ध करायी जा रही सुविधाओं तथा शासन की कार्यपद्धति में पारदर्शिता और शुचिता के कारण उद्यमी उ0प्र0 में निवेश के इच्छुक

## राज्य सरकार के प्रयासों से आज उ0प्र0 'ईज ऑफ डुइंग बिजनेस' रैंकिंग में देश में दूसरे स्थान पर

## स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के तहत ही उत्तर प्रदेश में निवेश आकर्षित किया जा रहा है, किसी अन्य राज्य के निवेश अवसरों को छीना नहीं जा रहा है

## उ0प्र0 में वर्ल्ड क्लास फिल्म सिटी की स्थापना की जा रही

## फिल्म निर्माण की गतिविधि एक खुली प्रतिस्पर्धा

## डिफेंस इण्डस्ट्रियल कॉरिडोर में अडानी डिफेंस, एल0 एण्ड टी0 डिफेंस, महिन्द्रा डिफेंस, हिन्दुजा डिफेंस, सिमेंस डिफेंस इत्यादि कम्पनियों ने निवेश की इच्छा जतायी

## उ0प्र0 प्रधानमंत्री के देश की अर्थव्यवस्था को 05 ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनाने के सपने को पूरा करने की क्षमता रखता

## कोरोना काल खण्ड में उ0प्र0 सबसे ज्यादा रोजगार सृजन करने वाला राज्य

लखनऊ : 02 दिसम्बर, 2020

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने आज मुम्बई में प्रेस कॉन्फ्रेंस को सम्बोधित करते हुए कहा कि उनका मुम्बई का दौरा प्रदेश की जनता

की सुविधाओं को बढ़ाने के दृष्टिगत है। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आज बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज में लखनऊ नगर निगम का म्युनिसिपल बॉण्ड लिस्ट किया गया है। यह एक ऐतिहासिक आयोजन है। यह उत्तर भारत के किसी नगर निगम द्वारा लिस्ट कराया गया पहला बॉण्ड है। नगर निकायों की कार्यपद्धति में रिफॉर्म की दृष्टि से यह एक क्रान्तिकारी कदम है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि इससे न केवल अवस्थापना विकास में मदद मिलेगी, बल्कि जनता को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने की शासन की प्रतिबद्धता को हम आगे बढ़ा पाएंगे। यह पहली बार है कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने बी0एस0ई0 आकर किसी संस्थान के बॉण्ड जारी कराए हैं। आज का यह क्षण उत्तर प्रदेश में बुनियादी सुविधाओं के विकास तथा जनता को सुविधाओं का लाभ दिलाने की दृष्टि से अत्यन्त महत्वपूर्ण है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में लगभग 700 अर्बन बॉडीज हैं। 08 करोड़ लोग इनके क्षेत्रों में निवास करते हैं। लखनऊ नगरीय क्षेत्र के निवासियों को बेहतर सुविधाएं मुहैया कराने के उद्देश्य से लखनऊ म्युनिसिपल कॉरपोरेशन के बॉण्ड जारी किये गये हैं। इसके उपरान्त गाजियाबाद और अन्य म्युनिसिपल कॉरपोरेशन को भी बॉण्ड जारी करने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में विकास कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने तथा औद्योगिक निवेश आकर्षित करने के लिए आज यहां पर उद्यमियों से चर्चा की गयी है। पिछले 03 वर्षों में बदले हुए माहौल में उत्तर प्रदेश में निवेश की सम्भावनाएं बढ़ी हैं, जिसका परिणाम है कि अब तक राज्य में 03 लाख करोड़ रुपये का निवेश हुआ है। राज्य सरकार के प्रयासों से आज उत्तर प्रदेश 'ईज ऑफ डुइंग बिजनेस' रैंकिंग में देश में दूसरे स्थान पर है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि निवेशकों और उद्यमियों के साथ राज्य सरकार प्रदेश में संवाद तो करती ही है, आज उद्यमियों से मुम्बई में संवाद किया जा रहा है। प्रदेश में बेहतर कानून–व्यवस्था, निवेशकों को उपलब्ध करायी जाने वाली सुविधाओं एवं शासन की कार्यपद्धति में जो पारदर्शिता और शुचिता आयी है, उससे उद्यमी उत्तर प्रदेश में निवेश करने के इच्छुक हैं। इस सम्बन्ध में आज यहां उद्यमियों से अच्छी चर्चा हुई है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के तहत ही उत्तर प्रदेश में निवेश आकर्षित किया जा रहा है। किसी अन्य राज्य के निवेश अवसरों को छीना नहीं जा रहा है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में वर्ल्ड क्लास फिल्म सिटी की स्थापना की जा रही है। फिल्म निर्माण से सम्बन्धित निर्माताओं, निर्देशकों, कलाकारों तथा फिल्म निर्माण के अन्य क्षेत्रों के विशेषज्ञों से व्यक्तिगत तथा सामूहिक चर्चा हुई है। यह फिल्म सिटी एन0सी0आर0 में नोएडा के पास यमुना एक्सप्रेस–वे पर स्थापित किया जाएगा। एशिया के सबसे बड़े नोएडा इण्टरनेशनल ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट का निर्माण जेवर में होने जा रहा है। इस एयरपोर्ट से मात्र 06 किलोमीटर की दूरी पर 1,000 एकड़ के क्षेत्रफल पर इस फिल्म सिटी का निर्माण किया जाएगा। इस फिल्म सिटी से मथुरा–वृन्दावन, आगरा, लखनऊ, देश की राजधानी दिल्ली की बेहतरीन एयर और एक्सप्रेस–वे कनेक्टिविटी उपलब्ध रहेगी। प्रदेश के अन्दर तथा देश के अन्य हिस्सों में पहुंचने के लिए साधन मौजूद होंगे। फिल्म जगत के प्रतिनिधियों ने इस फिल्म सिटी के सम्बन्ध में जो रुचि दिखायी है, वह एक अच्छा साइन है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि जनता को स्वस्थ और स्वच्छ मनोरंजन उपलब्ध कराने के लिए फिल्म सिटी का निर्माण प्रस्तावित है। जेवर एयरपोर्ट के पास ही इस फिल्म सिटी की स्थापना के साथ–साथ वहां पर एक फिन्टैक सिटी और इलेक्ट्रॉनिक सिटी की भी स्थापना की जा रही है।

प्रेस–वार्ता के दौरान मुख्यमंत्री जी ने कहा कि फिल्म निर्माण की गतिविधि एक खुली प्रतिस्पर्धा है। फिल्म निर्माताओं को जहां पर बेहतर सुविधाएं और सामाजिक सुरक्षा, बेहतर कानून–व्यवस्था मिलेगी वे वहां काम करेंगे। उत्तर प्रदेश में नये माहौल के अनुसार फिल्म सिटी की स्थापना की कार्यवाही की जाएगी। इस क्षेत्र के विशेषज्ञों के अनुभवों का लाभ लेते हुए इसकी स्थापना की जाएगी। उन्होंने कहा कि इन विशेषज्ञों के सुझावों के आधार पर वर्ल्ड क्लास फिल्म सिटी का एक ऐसा मॉडल तैयार किया जाएगा, इस पर हमने विचार–विमर्श किया है। भारत को 05 ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनाने के लिए उत्तर प्रदेश भी अपना योगदान दे रहा है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि वर्ष 2018 में पहली उत्तर प्रदेश इन्वेस्टर्स समिट आयोजित की गयी थी। इस इन्वेस्टर्स समिट के दौरान प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने प्रदेश में डिफेंस इण्डस्ट्रियल कॉरिडोर की स्थापना की घोषणा की थी। इस कॉरिडोर के लिए 06 नोड्स चिन्हित किये गये हैं, जो जनपद अलीगढ़, आगरा, कानपुर, लखनऊ, झांसी तथा चित्रकूट में स्थापित किये जा रहे हैं। इस कॉरिडोर

में निवेश की व्यापक सम्भावनाएं हैं। टेक्नोलॉजी और नॉलेज के बेहतर पार्टनर के रूप में आई0आई0टी0 कानपुर, आई0आई0टी0 बी0एच0यू0 के अलावा अन्य विश्वस्तरीय शिक्षण संस्थाएं मौजूद हैं।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि डिफेंस इण्डस्ट्रियल कॉरिडोर में अडानी डिफेंस, एल0 एण्ड टी0 डिफेंस, महिन्द्रा डिफेंस, हिन्दुजा डिफेंस, सिमेंस डिफेंस इत्यादि कम्पनियों ने निवेश की इच्छा जतायी है। राज्य सरकार द्वारा इनके प्रतिनिधियों से निवेश के सम्बन्ध में वार्ता की जा रही है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि एम0एस0एम0ई0 सेक्टर में सर्वाधिक इकाइयां उत्तर प्रदेश में मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि कोरोना काल खण्ड के दौरान एम0एस0एम0ई0 सेक्टर की 10 लाख से अधिक इकाइयों को बैंकों के साथ जोड़ा गया है। रोजगार की व्यापक सम्भावनाओं को आगे बढ़ाया है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि एक्सप्रेस–वे का इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रदेश में क्रिएट हुआ है और हो रहा है, वह प्रदेश की अवस्थापना विकास के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। उत्तर प्रदेश में निवेश की व्यापक सम्भावनाएं मौजूद हैं। उत्तर प्रदेश प्रधानमंत्री जी के देश की अर्थव्यवस्था को 05 ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनाने के सपने को पूरा करने की क्षमता रखता है। उत्तर प्रदेश सरकार इसमें अपना योगदान देने के लिए सभी प्रयास कर रही है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि कोरोना काल खण्ड में प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश एक सुरक्षित स्थिति में है। कोरोना से होने वाली मृत्यु की दर को भी नियंत्रित करने में सफलता मिली है। हर व्यक्ति की निःशुल्क जांच, स्वास्थ्य सुविधा और विशाल आबादी को सुरक्षित रखते हुए निवेश को आकर्षित कर देश की इकोनॉमी को 05 ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनाने में उत्तर प्रदेश अपना योगदान देगा।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि उत्तर प्रदेश कोरोना काल खण्ड में सबसे ज्यादा रोजगार सृजन करने वाला राज्य है। इस काल खण्ड के दौरान 1.25 करोड़ लोगों को रोजगार के अवसर मुहैया कराये गये हैं। राज्य सरकार द्वारा निवेशकों की सुविधा के लिए आकर्षक सेक्टोरल नीतियां लागू की गयी हैं।

————————

***<u>PN-CM-Press Conference-Mumbai Visit-02 December, 2020</u>***